भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2445**

13 मार्च, 2025 को उत्तर देने के लिए

**राजस्थान में खाद्य प्रसंस्करण पार्क**

**2445. श्री अमरा राम:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या राजस्थान में खाद्य प्रसंस्करण पार्क स्थापित किए गए हैं या प्रस्तावित हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी जिलावार ब्यौरा क्या है; और

**(ख)** क्या राजस्थान के बीकानेर की बीकानेरी भुजिया विश्वभर में प्रसिद्ध है और यदि हां, तो ऐसे उत्पादों के आगे विकास के लिए सरकार द्वारा तैयार की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए मूल्य श्रृंखला के साथ खेत से बाजार तक आधुनिक अवसंरचना के निर्माण हेतु मेगा फूड पार्क योजना (एमएफपीएस), प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) की एक घटक योजना, का कार्यान्वयन कर रहा है। चूंकि मंत्रालय स्वयं ऐसी परियोजनाओं की स्थापना नहीं करता है, यह योजना दिशानिर्देशों के अनुसार समय-समय पर जारी की जाने वाली अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओई) के माध्यम से इकाइयों/संगठनों से प्रस्ताव आमंत्रित करता है। योजना को 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान प्रतिबद्ध देयताओं के साथ दिनांक 01.04.2021 से बंद कर दिया गया है। राजस्थान राज्य में दो मेगा फूड पार्कों का अनुमोदन किया गया है। इन मेगा फूड पार्कों की स्थिति सहित ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

**(ख):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय अवसंरचना के निर्माण, बिक्री आधारित प्रोत्साहनों के अनुदान, क्षमता विस्तार और अन्य सहायक उपायों के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं लागू कर रहा है । ये योजनाएं हैं: प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना, और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई) । खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) की विभिन्न घटक योजनाओं को लागू कर रहा है जो खेत से लेकर खुदरा दुकान तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक अवसंरचना के निर्माण के लिए एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना पीएमकेएसवाई) की घटक योजनाएँ हैं - कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर (एपीसी) के लिए अवसंरचना का निर्माण, एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन बुनियादी ढांचा (आईसीसी), खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता का निर्माण / विस्तार (सीईएफपीपीसी) और ऑपरेशन ग्रीन्स (ओजी), जो देश में खाद्य प्रसंस्करण अवसंरचना/ इकाइयों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं। इच्छुक व्यक्तियों / संस्थाओं से समय-समय पर रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं । पात्रता और मूल्यांकन मानदंडों के आधार पर प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन किया जाता है और पात्र पाए गए प्रस्तावों में से योग्यता के आधार पर अनुमोदन दिया जाता है।

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 13 मार्च को उत्तर हेतु "राजस्थान में खाद्य प्रसंस्करण पार्क" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2345 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| एसपीवी/आईए का नाम | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | जिले का नाम | अंतिम अनुमोदन की तिथि | कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपये में) | स्वीकृत अनुदान (करोड़ रुपये में) | जारी अनुदान (करोड़ रुपये में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्रीनटेक मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | राजस्थान | अजमेर | 19-फरवरी-2014 | 110.35 | 49.88 | 44.9 | प्रचालनरत |
| श्री राम मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | राजस्थान | बीकानेर | 7-अप्रैल-2022 | 132.81 | 50 | 5.71 | कार्यान्वयनाधीन |

*****